ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** ವಿಷಯ : **ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI**

( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / **New Syllabus** )

( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / **Private Fresh** )

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) यह प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका है ।

ii) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ कुल 54 प्रश्न हैं ।

iii) इसके तीन खण्ड हैं — **क, ख** और **ग** । सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

iv) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

v) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

vi) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

vii) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

viii) दिये गये विकल्प, अनुरूपता और जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट-छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

ix) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को **15** मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

x) दाहिनी तरफ हाशिया में जो जगह छोड़ा गया है उसमें कुछ मत लिखिए ।

## खण्ड - क

### ( व्याकरण - विभाग )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्नों के नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

1) ''व्यवस्था'' शब्द का बहुवचन रूप है

(A) अव्यवस्था (B) व्यवस्थाये

(C) व्यवस्थाएँ (D) व्यथाएँ ।

2) ''स्थिर'' का विलोम शब्द है

(A) अहीर (B) अस्थिर

(C) अधीर (D) स्थिरता ।

3) 'हिम्मत' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) धैर्य (B) मेहनत

(C) सहमत (D) अधैर्य ।

4) कौन शब्द गुण संधि का उदाहरण है ?

(A) गायक (B) सहानुभूति

(C) अत्यंत (D) परोपकार ।

5) 'देश–विदेश' शब्द में समास है

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव ।

6) इंटरनेट से क्या मतलब है ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

(A) पूर्णविराम (B) अल्पविराम

(C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक ।

7) ''पसीना बहाना'' मुहावरे का अर्थ है

(A) सेवा करना (B) त्याग करना

(C) परिश्रम करना (D) परोपकार करना ।

8) 'यामा' महादेवी वर्मा .................... रचना है । सही कारक चिह्न है

(A) का (B) की

(C) के (D) कि ।

9) 'चलना' का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) चल (B) चला

(C) मिलाना (D) चलाना ।

10) 'पिता' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) पीना (B) माता

(C) माया (D) सीता ।

## खण्ड – ख

### ( गद्य और पद्य विभाग )

II. 11) **स्तम्भ – क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ – ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5

| **स्तम्भ 'क'** | **स्तम्भ 'ख'** |
|---|---|
| अ) रवींद्रनाथ ठाकुर | i) बचपन का अधिकार |
| आ) खेल–कूद | ii) व्यंग्य रचना |
| इ) सूरदास | iii) इनफारमेशन टेक्नोलॉजी |
| ई) आई० टी० | iv) भीष्म साहनी |
| उ) प्रकृति पर सर्वत्र है | v) कृष्ण भक्त कवि |
| | vi) गुरुदेव |
| | vii) विजयी पुरुष आसीन |
| | viii) राम भक्त कवि । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

12) वर्चुअल मीटिंग रूम : काल्पनिक सभागार : : इंटरनेट :

13) मज़दूरों के नेता : पं० राजकिशोर : : गरीब शरणार्थी लड़का :

14) रवींद्रनाथ ठाकुर : नोबल पुरस्कार : : डॉ० चंद्रशेखर कंबार :

15) प्रभो : ईश्वरीय भक्ति : : मातृभूमि :

16) पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक वाक्य में लिखिए : 9 × 1 = 9

17) ई-गवर्नेंस क्या है ?

18) भारत माता अपने मुक्त हाथों से क्या बाँट रही है ?

19) गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी ?

20) कर्नाटक की पश्चिम दिशा में कौन-सी पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं ?

21) ईमानदारों के सम्मेलन में लेखक को क्यों आमंत्रित किया गया ?

22) बलराम, कृष्ण को क्या कहकर चिढ़ाता था ?

23) भारत के खेत कैसे हैं ?

24) डॉ० कंबार जी का गाँव किस नदी के तट पर है ?

25) आज की दुनिया कैसी है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28

26) साहित्य के संबंध में भीष्म साहनी की राय क्या है ?

27) कवि भगवतीचरण वर्मा ने मातृभूमि का स्वरूप किस तरह कविता में उभारा है ?

28) रवींद्रनाथ ठाकुर ने 'सर' की उपाधि क्यों त्याग दी ?

29) गिल्लू महादेवी वर्मा को कैसे चौंकाता था ?

30) बसंत राजकिशोर से पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?

31) 'ईमानदारों के सम्मेलन' पाठ में मुख्य अतिथि की बेईमानी कैसे व्यक्त हुई है ?

32) राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति डॉ० चंद्रशेखर कंबार जी के विचार क्या हैं ?

33) यशोदा क्यों खुश हो जाती थी ?

34) राम नाम की महिमा के बारे में तुलसीदास क्या कहते हैं ?

35) लेखक का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

36) तिम्मक्का ने क्या संकल्प किया ?

37) 'प्रभो' कविता में कवि ने प्रभु की दया को कैसे चित्रित किया है ?

38) 'शनैःचर' का अर्थ क्या है ? शनि किसका पुत्र था ?

**अथवा**

सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधी का क्या कथन है ?

39) 'अनमोल समय' पाठ के आधार पर जीवन में समय का क्या महत्व है ?

**अथवा**

'अनमोल समय' पाठ के आधार पर जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक तत्व कौन से हैं ?

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$

40) कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

41) तिम्मक्का एक आदर्श व्यक्तित्व है । कैसे ?

42) कवि दिनकर के अनुसार 'मानव का सही परिचय' क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

43) शांतिनिकेतन की स्थापना का आशय क्या था ? स्पष्ट कीजिए ।

44) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तुलसी साथी विपति के विद्या विनय विवेक ।

साहस सुकृत सुसत्यव्रत राम भरोसे एक ॥

VII. 45) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4

भिखारी और करोड़पति में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं और क्यों ?

**अथवा**

बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ? बताइए ।

46) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

विमल इंदु ....................................................

....................................................................

....................................................................

............................................ दिखा रही हैं ।

**अथवा**

मुखिया ..................................................... एक ।

पालै .......................................... सहित विवेक ॥

## खण्ड - ग

### ( रचना - विभाग )

VIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

5 × 1 = 5

47) पुराण काल की बात है । एक जंगल में एक डाकू था । वह रोज़ यात्रियों को मारकर उनका धन लूट लेता था । वह बड़े क्रूर स्वभाव का था । एक दिन नारद मुनि भी उसकी पकड़ में आ गये । नारद मुनि ने मीठी-मीठी बातें करके उसका क्रोध शांत किया । इसके बाद उन्होंने उसको पाप और पुण्य कार्य के परिणामों के बारे में समझाया । डाकू का मन परिवर्तन हो गया । उसने बरसों, दृढ़ता से तपस्या की । इससे ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर खुश हुए । भगवान की कृपा से वह बड़ा ज्ञानी पुरुष और महर्षि बन गया । आगे चलकर उसने रामायण की रचना की । वह आदिकवि वाल्मिकी था । कहते हैं, यदि भगवान ने चाहा तो सबसे बड़ा पापी भी महापुरुष बन जाता है ।

(i) डाकू का स्वभाव कैसा था ?

(A) शांत (B) क्रूर

(C) गंभीर (D) कोमल ।

(ii) नारद मुनि ने डाकू का मन परिवर्तन किस प्रकार किया ?

(A) मीठी बातों से (B) जादू से

(C) उपाय से (D) दंड देकर ।

(iii) वाल्मिकी ने किस ग्रंथ की रचना की ?

(A) महाभारत (B) भगवद्गीता

(C) रामायण (D) गिरिजा कल्याण ।

(iv) नारद मुनि ने किन परिणामों के बारे में समझाया ?

(A) धर्म-कर्म (B) जात-पाँत

(C) भय-भक्ति (D) पाप-पुण्य ।

(v) पापी भी महापुरुष बन सकता है

(A) मेहनत से (B) भगवान की कृपा से

(C) भाग्य से (D) कर्मों से ।

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड **या** अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

48) कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरू है ।

49) तिम्मक्का वृक्षों को अपने बच्चों की तरह प्रेम करती है ।

50) गीतांजली का एक-एक गीत भावों से परिपूर्ण है ।

51) वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।

52) गिलहरी को काजू अत्यंत प्रिय है ।

X. 53) अपनी अस्वस्थता का कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

अपनी पढ़ाई की प्रगति के बारे में अपनी माता के नाम पत्र लिखिए ।

XI. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 5

54) अ) जनसंख्या की समस्या

* तात्पर्य
* कारण / परिणाम
* नियंत्रण / निवारण
* उपसंहार ।

आ) वन महोत्सव

* अर्थ / तात्पर्य
* महत्व
* पर्यावरण संरक्षण
* उपसंहार ।

इ) इंटरनेट – वरदान है या अभिशाप

* अर्थ
* लाभ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।